चंदन है इस देश की माटी देशभक्ति गीत लिरिक्स

चंदन है इस देश की माटी,
तपोभूमि हर ग्राम है,
हर बाला देवी की प्रतिमा,
बच्चा बच्चा राम है।bd।

हर शरीर मंदिर सा पावन,
हर मानव उपकारी है,
जहाँ सिंह बन गये खिलौने,
गाय जहाँ माँ प्यारी है,
जहाँ सवेरा शंख बजाता,
लोरी गाती शाम है,
हर बाला देवी की प्रतिमा,
बच्चा बच्चा राम है।bd।

जहाँ कर्म से भाग्य बदलता,
श्रम निष्ठा कल्याणी है,
त्याग और तप की गाथाएँ,
गाती कवि की वाणी है,
ज्ञान जहाँ का गंगाजल सा,
निर्मल है अविराम है,
हर बाला देवी की प्रतिमा,
बच्चा बच्चा राम है।bd।

जिस के सैनिक समरभूमि में,
गाया करते गीता है,
जहाँ खेत में हल के नीचे,
खेला करती सीता है,
जीवन का आदर्श जहाँ पर,
परमेश्वर का धाम है,
हर बाला देवी की प्रतिमा,
बच्चा बच्चा राम है।bd।

चंदन है इस देश की माटी,
तपोभूमि हर ग्राम है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

हर बाला देवी की प्रतिमा,
बच्चा बच्चा राम है।bd।

– Sent By –
Aman Pandit – 9784106459

इसी तरह के हजारों भजनों को,
सीधे अपने मोबाइल में देखने के लिए,
भजन डायरी एप्प डाउनलोड करे।

भजन डायरी एप्प

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com